हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 30 .2 डिग्री
न्यूनतम 16 .5 डिग्री

12 हर छात्र होगा पास, 155 स्कूलों में लागू होगी शिक्षा में सफलता की रणनीति



12 हुडा कांप्लेक्स में 6.50 करोड़ में बनकर तैयार हुआ स्वीमिंग पूल



खबर संक्षेप

निजी आईटीआई की कार्यशाला से उपकरण चोरी

यमुनानगर। जिले के छछरौली क्षेत्र के हरनौल में स्थित पंडित राम दयाल निजी आईटीआई की इलेक्ट्रिशियन ट्रेड कार्यशाला से चोरों ने करीब चार लाख रुपये के उपकरण व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक आईटीआई संचालक द्वारा पुलिस को दी शिकायत में बताया गया है कि आईटीआई की कार्यशाला से छह मोटरें और तीन फेज जनरेटर का अल्टरनेटर समेत चार हैवी ड्रिल मशीनें, पेचकस, प्लास और अन्य औजार चोरी कर लिए गए हैं। जिनकी कीमत करीब चार लाख रुपये है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बुलेट सवार युवक पर जानलेवा हमला

अंबाला। एसए जैन मॉडल स्कूल के पास बुलेट सवार 20 वर्षीय कॉलेज छात्र तरुण हांडा पर हमलावरों ने हमला कर दिया। हमले के बाद वह बुलेट समेत सड़क पर गिरकर बेसुध हो गया। उसकी नाक की हड्डी टूट गई और खून बहने से वह लथपथ हो गया। तरुण दुकान जा रहा था, तभी पीछे से उस पर हमला हुआ। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम ने उसे जिला नागरिक अस्पताल पहुंचाया। सीटी स्कैन के बाद उसे चंडीगढ़ रेफर करने पर विचार किया जा रहा था।

कैंटीन में चोरी करने वाले काबू

अंबाला। थाना नारायणगढ़ क्षेत्र में कैंटीन का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को सीआईए नारायणगढ़ टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद किया है। 3 सितंबर 2026 को एक महिला द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि चोरों ने कैंटीन का ताला तोड़कर वहां से सामान चोरी कर लिया है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत चोरी का मामला दर्ज किया था। अब सीआईए नारायणगढ़ ने चोरी करने वाले दोनों आरोपियों को धर दबोचा। आरोपियों की पहचान डेहा बस्ती के गुलफाम व साहिल के रुप में हुई है।

ट्यूबवेल से तार चोरी करने वाला पकड़ा

अंबाला। थाना महेश नगर पुलिस ने ट्यूबवेल से तार चोरी करने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए मामले में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई तार बरामद कर ली है। 24 अक्तूबर 2026 को गांव पतरेहड़ी के जसबीर सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि चोर द्वारा ट्यूबवेल से बिजली की तार चोरी कर ली गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत अभियोग दर्ज किया था। मामले की जांच कर रही पुलिस ने आरोपी राहुल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरीशुदा संपत्ति जब्त की है।

अनुसूचित जाति के छात्रों को शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में विशेष सहयोग देंगे

पानीपत में 'खटीक गर्जना सम्मेलन' सीएम बोले- खटीक समाज ने वीरता साहस और बलिदान से देश के इतिहास में बनाई विशिष्ट पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूलमंत्र पर चलते हुए समाज के सभी वर्गों के कल्याण और उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उसे सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

मुख्यमंत्री रविवार को पानीपत में संत दुर्बलनाथ जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 'खटीक गर्जना सम्मेलन' को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने खटीक समाज द्वारा मांग पत्र के माध्यम से की गई सभी मांगों को संबंधित विभागों के माध्यम से पूरा करवाने की घोषणा की तथा समाज को सार्वजनिक कार्य हेतु 21 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि संत दुर्बलनाथ के नाम से धर्मशाला बनवाने के लिए एक करोड़ रुपए की सहायता दी गई है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने अगले वर्ष संत दुर्बलनाथ की जयंती को सरकार द्वारा राज्य स्तरीय समारोह के रूप में मनाने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने संत शिरोमणि श्री दुर्बलनाथ जी को नमन करते हुए कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज सेवा, शिक्षा और संगठन को मजबूत बनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि संत दुर्बलनाथ जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित यह सम्मेलन समाज की एकता और जागरूकता का प्रतीक है।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खटीक समाज ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने साहस और स्वाभिमान को बनाए रखा। वर्ष 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में मेरठ और आसपास के क्षेत्रों में अंग्रेजों का डटकर मुकाबला करने वालों में खटीक समाज के वीर अग्रणी रहे। समाज ने अनेक कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन अपनी पहचान और मूल्यों से कभी समझौता नहीं किया।

सफाई कर्मियों के हितों की रक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सफाई कर्मचारियों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी कल्याण आयोग का गठन किया गया है। इसके अतिरिक्त अनुसूचित जातियों के कल्याण और अधिकारों के संरक्षण के लिए हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग का भी गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने एजेंसियों के माध्यम से कार्यरत 5 हजार से अधिक सफाई कर्मचारियों को संबंधित पालिकाओं के रोल पर लिया है। सफाई कर्मियों और सीवरमैन की ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर दुर्घटना बीमा राशि 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही मृतक के परिवार के सदस्य को नौकरी और ग्रेच्युटी देने का निर्णय भी लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा पुलिस में भर्ती किए गए 5500 जवानों में से 604 बच्चे डीएससी समाज के भर्ती किए गए हैं।

शिक्षा सामाजिक व आर्थिक सशक्तीकरण का प्रभावी माध्यम

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है। राज्य सरकार अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। उन्होंने बताया कि डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत मैट्रिक के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को कक्षा के अनुसार 8 हजार रुपये से लेकर 12 हजार रुपये तक वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इसी प्रकार, जिन अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की पारिवारिक वार्षिक आय 2.50 लाख रुपये तक है, उन्हें विभिन्न उच्च प्रतियोगी एवं प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए निजी संस्थानों के माध्यम से दो बार तक निःशुल्क कोचिंग की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को 2,500 रुपये से लेकर 13,500 रुपये प्रतिवर्ष तक शैक्षणिक भत्ता दिया जाता है। इसके अतिरिक्त सभी अनिवार्य नॉन-रिफंडेबल फीस का भुगतान भी किया जाता है।

हर परिवार को देंगे छत

मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा में मुख्यमंत्री आवास योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1.60 लाख मकान बनाकर गरीब परिवारों को दिए गए हैं। इसके अलावा 24 हजार परिवारों को प्लॉट दिए गए हैं और अलग-अलग जिलों में कार्यक्रम कर पात्र परिवारों को फ्लैट भी बना कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हर परिवार को छत देना हरियाणा सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्णलाल पंवार, अखिल भारतीय खटीक समाज के अध्यक्ष एवं सांसद श्री अनिल फिरोजिया,पूर्व सांसद विनोद सोनकर, विधायक श्री प्रमोद विज, मेयर कोमल सैनी, उत्तराखंड के राज्यमंत्री सुरेंद्र मोंगा, जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, हरपाल ढांडा, डॉ. सिप्पी महेन्द्रा व प्रवक्ता राजकुमार कटारिया सहित संगठन के पदाधिकारी और खटीक समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

युवक की पीट पीटकर हत्या करने के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार



यमुनानगर। पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा द्वारा युवक की हत्या मामले में गिरफ्तार किए गए चार आरोपी।

- पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा वन की टीम ने आरोपियों को किया गिरफ्तार
- आरोपियों को अदालत में पेश कर लिया पुलिस रिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पांच दिन पहले दशहरा देखकर घर लौट रहे युवक की रंजिशन पीट पीटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चारों आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर ले लिया। जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा वन की टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। अपराध अन्वेषण शाखा वन के प्रभारी इंस्पेक्टर राजकुमार ने बताया कि गत 20 अक्तूबर की शाम को सरन सिंह दशहरे का मेला देखकर घर लौटा था। इसके थोड़ी देर बाद वह बाजार से मसाला लाने की बात कहकर घर से निकला था। इस दौरान उसकी रास्ते में आदित्य, शिवम, दीपक, नीरज कुमार व अन्य के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ने पर आरोपियों ने सरन सिंह को पीट पीटकर बेहोश कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और बेहोशी की हालत में सरन सिंह को लेकर अस्पताल में पहुंचे।

कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मारी, मौत

मुलाना। जगाधरी-अंबाला हाईवे पर दोसड़का पुल के पास दिल्ली नंबर की एक कार ने आगे जा रही मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार सहारनपुर के खजुरहेड़ी गांव के अजय की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार रात 10 बजे पुलिस को डायल 112 के जरिए सूचना मिली कि दोसड़का पुल के ऊपर एक गाड़ी और बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। टक्कर के बाद मोटरसाइकिल में आग लग गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। यहां एक दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी और जली हुई मोटरसाइकिल पड़ी थी। गंभीर रूप से घायल पड़े बाइक सवार युवक को एमएम अस्पताल मुलाना पहुंचाया गया।

युवक की चाकू मारकर हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार, नाबालिग अभिरक्षा में

- रामलीला ग्राउंड से पकड़ा गया आरोपी जतिन, अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



शहर में युवक अमन की चाकू मारकर हत्या के मामले में करनाल पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जतिन पुत्र मुन्ना निवासी मंगल कॉलोनी, डेहा बस्ती, करनाल के रूप में हुई है।

सहायक पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार, आईपीएस ने प्रेस वार्ता में बताया कि लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र निवासी राजकुमार पुत्र प्रेमचंद सैनी ने 24 अक्तूबर को शिकायत दी थी कि 23 अक्तूबर की शाम उनके बेटे अमन को उसका दोस्त घर से बुलाकर करनाल लाया था। इसी दौरान अमन की चाकू मारकर हत्या कर दी गई।

शिकायत के आधार पर थाना शहर करनाल में मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक करनाल करन गोयल, आईपीएस के निर्देश पर सीआईए-3 और सदर बाजार

महिला पर जानलेवा करने के आरोप में पूर्व पति गिरफ्तार

अंबाला। तलाक के बाद जान से मारने की धमकी मिलने के डर से सहेली के पुलिस क्वार्टर में रह रही महिला सिपाही पर रात जानलेवा हमला हो गया। पुलिस लाइन के क्वार्टरों में सीढ़ियां चढ़ते समय महिला पर पीछे से चाकू से वार करने का आरोप उसके पूर्व पति जींद के मनीष पर लगा है। आरोपी भी हरियाणा पुलिस में सिपाही है। इस समय वह महेश नगर थाने में तैनात है। पुलिस ने केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। महिला सिपाही माफी रानी दुर्गा शक्ति बटालियन में तैनात है। पुलिस को दिए बयान में खानपुर कलां के सोनीपत की माफी रानी ने आरोप लगाया कि वर्ष 2021 में शादी के बाद पति मनीष की शराब पीने के आदी होने के कारण विवाद होने लगा था। उसने मारपीट के आरोप भी लगाए। बाद में दोनों का आपसी सहमति से तलाक हो गया।

हजारों रुपये की हेरोइन के साथ युवक काबू

- आरोपी से पुलिस ने बरामद की 65 ग्राम हेरोइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने हजारों रुपये की हेरोइन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पुलिस ने 65 ग्राम हेरोइन (स्मैक) बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

मामले की जांच कर रहे एंटी नारकोटिक सैल के प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि शहर के सामान्य अस्पताल की पार्किंग में एक युवक संदिग्ध हालत में कोई नशीला



यमुनानगर। एंटी नारकोटिक सेल द्वारा नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया युवक।

पदार्थ लेकर घूम रहा है। वह नशीले पदार्थ को किसी को बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उन्होंने एएसआई अमित कुमार, कर्मबीर व जयपाल मराठा की टीम का गठन कर मौके पर जांच के लिए भेजा। इस दौरान जांच टीम ने दबिश देकर युवक को पकड़ लिया और मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट को बुलाकर उनके समक्ष आरोपी की तलाशी ली तो हजारों रुपये कीमत की 65 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान पहचान आजाद नगर निवासी अर्शदीप के नाम से हुई। प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी पर पहले भी 11 मामले दर्ज हैं जो कोर्ट में विचाराधीन हैं। आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ में आरोपी से महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की उम्मीद है।

पोर्टल ठप होने से बंद हुए शवों के पोस्टमार्टम

- मोर्चरी में रखे है पांच शव, मृतकों के परिजन परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के सिविल अस्पताल के शवगृह में पोस्टमॉर्टम के लिए बनाया गया पोर्टल शनिवार रात से बंद है। इसकी वजह से शवगृह में आए शवों का पोस्टमॉर्टम नहीं हो पा रहा है। सरकारी पोर्टल का सर्वर ठप होने से मृतकों के परिजनों को अपनों के शव मिलने का इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं, सिविल अस्पताल में शनिवार की रात से आए पांच शवों के पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया रूकी हुई है। मृतकों के परिजन रात से अस्पताल में बैठे है। स्मरणीय है कि अस्पताल में पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया हरियाणा सरकार के मेडलेपर पोर्टल के जरिए होती है। इसी पर शव की एंट्री से लेकर पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट अपलोड करने तक का काम किया जाता है। इधर, डॉक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि मेडलेपर पोर्टल का सर्वर डाउन होने के कारण शव की एंट्री नहीं हो पा रही थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट भी इसी पोर्टल पर अपलोड की जाती है। इसके बिना सामान्य प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकती। सर्वर को चालू करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे।

45 ट्यूबवेलों से तार चोरी करने के आरोप में पांच गिरफ्तार

- सीआईए-2 ने 50 किलो तांबे की तार और चोरी के औजार किए बरामद, पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश में मुख्य आरोपी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



पिहोवा क्षेत्र में किसानों के खेतों में लगे ट्यूबवेलों से केबल और तांबे की तार चोरी करने के मामलों में कुरुक्षेत्र पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने क्षेत्र के करीब 40 से 45 ट्यूबवेलों से तार चोरी करने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 50 किलोग्राम तांबे की तार और चोरी में इस्तेमाल होने वाले औजार बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में से एक ने पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की, जिस दौरान उसकी टांग में चोट लग गई। उसे उपचार के लिए एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के पासीपुर निवासी बलि राम, राजस्थान के जयपुर जिले के जयसिंहपुरा निवासी चिरायू, उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के देवकली निवासी सर्वेश कुमार, करनाल जिले के मधुबन निवासी दीपक और कुरुक्षेत्र में सन्निहित सरोवर के नजदीक झुग्गी में रहने वाले रोहित के रूप में हुई है। सीआईए-2 प्रभारी निरीक्षक मंदीप सिंह के अनुसार, किसानों ने शिकायत दी थी कि 7 अगस्त की रात पिहोवा क्षेत्र के गांव सारसा सहित विभिन्न गांवों में खेतों से ट्यूबवेलों की केबल और तार चोरी कर ली गई। इन शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज कर जांच सीआईए-2 को सौंपी गई थी। पुलिस के मुताबिक, 25 अक्टूबर को सीआईए-2 की टीम पिहोवा क्षेत्र में आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर अंबाला रोड पर ड्रेन पुल के पास से पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके पास से चोरी के औजार भी बरामद किए हैं।

विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

पानीपत। पानीपत में झाड़ा लगवाने के बाद 30 वर्षीय रेनु पत्नी इंद्र निवासी हनुमान कालोनी, पानीपत की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रेनु अस्वस्थ्य रहती थी और पति इंद्र उसे एक साधु के पास झाडा लगवाने ले गया था।

झांडा लगने के आधे घंटे बाद ही रेनु को खून की उल्टी हुई परिजन उसे सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर्स ने रेनु को मृत घोषित कर दिया। मेडिकल टीम का कहना है कि पोस्टमॉर्टम के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। इधर, पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

पर्यटन विभाग में भ्रष्टाचार और कर्मचारी उत्पीड़न के आरोप, आंदोलन की चेतावनी

- हरियाणा टूरिज्म कर्मचारी संघ की बैठक में उठाया मुद्दा, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा टूरिज्म कर्मचारी संघ की बैठक कर्ण पार्क में प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम चंद की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह नरवाल ने किया। पदाधिकारियों ने हरियाणा पर्यटन विभाग में कथित भ्रष्टाचार और कर्मचारियों के उत्पीड़न पर नाराजगी जताई।

प्रीतम चंद और महेंद्र सिंह नरवाल ने आरोप लगाया कि विभाग में उगाही की शिकायतों के बावजूद उचित कार्रवाई नहीं की जा रही। उनका कहना था कि अनियमितताओं का विरोध करने वाले कर्मचारियों को प्रताड़ित किया जाता है। उन्होंने भारतीय मजदूर संघ से जुड़े कर्मचारियों के साथ कथित दुर्व्यवहार का मुद्दा भी उठाया।

भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार और प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मैहला ने सरकार से मामले में हस्तक्षेप कर पर्यटन निगम के प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत करके समस्याओं का समाधान करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा और फरीदाबाद के सांसद कृष्ण पाल के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

शहर मे कई स्थानों पर होने वाले मां भगवती के जागरण भी हुए प्रभावित

तूफान-बारिश का कहर, तरावड़ी मंडी में हजारों बोरियां भीगीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। मंडी में धान की बोरी व फसल जल मग्न हुई।

बीती रात तूफान के साथ हुई तेज बारिश ने तरावड़ी में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। बारिश का सबसे अधिक असर तरावड़ी अनाज मंडी में देखने को मिला, जहां खुले में रखी धान की हजारों बोरियां भीग गईं। मंडी में जगह-जगह पानी भरने से किसानों और आढ़तियों की परेशानी बढ़ गई। वहीं, शहर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले मां भगवती के जागरण भी बारिश के कारण प्रभावित हुए। आयोजकों को कार्यक्रमों के आयोजन में बदलाव करना पड़ा। बीती रात अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। इस दौरान तरावड़ी अनाज मंडी में खुले में रखी धान की बोरियां पानी की चपेट में आ गईं। किसान और आढ़ती अपनी फसल को बचाने के लिए तिरपाल डालते और बोरियों को ढकते नजर आए, लेकिन तेज तूफान के आगे उनकी एक नहीं चली। हवा के कारण तिरपाल बार-बार उड़ते रहे और बारिश का पानी धान की बोरियों तक पहुंच गया। देखते ही देखते मंडी में कई जगह धान की फसल भीग गई।

धार्मिक आयोजनों पर भी पड़ा बारिश का असर

तेज बारिश ने केवल अनाज मंडी ही नहीं, बल्कि शहर में आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों की तैयारियों को भी प्रभावित किया। तरावड़ी में तीन स्थानों पर मां भगवती के जागरण आयोजित किए जाने थे, लेकिन बारिश और तूफान के कारण कार्यक्रमों की व्यवस्थाएं अस्त-व्यस्त हो गईं। आयोजकों को श्रद्धालुओं की सुविधा और कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए वैकल्पिक स्थानों की व्यवस्था करनी पड़ी। कुछ आयोजनों के लिए धार्मिक संस्थाओं, धर्मशालाओं और मंदिरों में व्यवस्था की गई।

आंधी-बारिश से बिजली के खंभे और पेड़ टूटकर गिरे



कुरुक्षेत्र। शनिवार रात आई तेज आंधी और बारिश से कई जगह नुकसान हुआ। तेज हवाओं के चलते बिजली के खंभे और पेड़ टूटकर गिर गए। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सहित कई स्थानों पर पेड़ गिरने से रास्ते बाधित हो गए, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त होने से कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। अचानक बदले मौसम ने जहां आम जनजीवन को प्रभावित किया, वहीं बारिश ने किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है। आंधी के दौरान बिजली के खंभे टूटकर गिरने से बिजली व्यवस्था पर भी असर पड़ा। कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। रात के समय बिजली गुल होने से घरेलू कामकाज भी प्रभावित हुए। बिजली व्यवस्था को सामान्य करने के लिए क्षतिग्रस्त खंभों और बिजली लाइनों की मरम्मत करना जरूरी हो गया। हालांकि, बिजली आपूर्ति कितने क्षेत्रों में और कितनी देर तक प्रभावित रही, इसकी विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।

न्यूज डायरी

विद्यालयों में सकारात्मक वातावरण बनाने पर जोर



करनाल। राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रेलवे रोड करनाल में जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) धर्मपाल चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित प्राचार्यों के पांच दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा ने प्राचार्यों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। डीपीसी धर्मपाल चौधरी और प्राचार्य महेंद्र नरवाल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कपिल अत्रेजा ने कहा कि प्राचार्य विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनके सकारात्मक विचार, व्यवहार और नेतृत्व का प्रभाव शिक्षकों व विद्यार्थियों पर पड़ता है। बेहतर शैक्षणिक परिणामों के लिए मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण आवश्यक हैं। डीपीसी धर्मपाल चौधरी ने कहा कि प्रशिक्षण प्राचार्यों की कार्यक्षमता बढ़ाने और विद्यालयों में सकारात्मक वातावरण बनाने में सहायक है। तनावमुक्त रहकर बेहतर निर्णय लेने और टीम भावना से कार्य करने से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। इस अवसर पर कार्यक्रम की नोडल मनदीप शर्मा, रामकुमार, सुरेश सैनी, मुकेश, सुचरिता, दलीप सिंह, विजय और ब्रजेश आदि उपस्थित रहे।

10 क्विंटल सरिया चोरी, तीन आरोपी गिरफ्तार



करनाल। तरावड़ी क्षेत्र में निर्माणाधीन साइट से सरिया, गैस सिलेंडर और अन्य सामान चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक करन गोयल, आईपीएस के मार्गदर्शन में थाना तरावड़ी प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुमार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक हरविश कुमार की टीम ने की। पुलिस के अनुसार, 23 अक्टूबर को देवेंद्र गौतम ने शिकायत दी थी कि मॉडर्न डेयरी, श्यामगढ़ के पास स्थित आनंदम ग्रीन साइट से करीब 10 क्विंटल सरिया, गैस सिलेंडर और अन्य सामान चोरी हो गया। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने अशोक पुत्र रोणकी राम निवासी फालसंडा, जिला कुरुक्षेत्र, बलदेव पुत्र गुलाब सिंह निवासी बस्सत, जिला करनाल और गौरव पुत्र बीर सिंह निवासी फालसंडा जाटान, जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया गया।

सुगम परिवहन से बदलेगी शहरों की तस्वीर : रेणु



करनाल। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि आधुनिक परिवहन व्यवस्था विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। शहरों के विकास में नागरिकों की जरूरतों, सुरक्षित आवागमन और जीवन की गुणवत्ता को प्राथमिकता देना जरूरी है। उन्होंने ये विचार भुवनेश्वर में आयोजित 19वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया सम्मेलन एवं एक्सपो-2026 में व्यक्त किए। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में देश नगरीय विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। शहरों को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने के लिए परिवहन व्यवस्था को सुविधाजनक, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाना होगा। उन्होंने कहा कि बेहतर यातायात व्यवस्था से लोगों का समय बचेगा, सड़कों पर दबाव कम होगा और प्रदूषण नियंत्रण में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय सम्मेलन विभिन्न शहरों के अनुभवों और सफल कार्यप्रणालियों से सीखने का अवसर प्रदान करते हैं। इनसे प्राप्त सुझावों को अपनाकर स्थानीय स्तर पर नागरिक सुविधाएं बेहतर बनाई जा सकती हैं।

ऋषभ गुप्ता ने की सुख-समृद्धि की कामना



करनाल। युवा समाजसेवी ऋषभ गुप्ता ने सेक्टर-4 में आयोजित माता रानी के जागरण में श्रद्धापूर्वक भाग लेकर माता के चरणों में शीश नवाया और सभी के सुख, शांति, स्वास्थ्य व समृद्धि की कामना की। महापौर रेणु बाला गुप्ता के सुपुत्र ऋषभ गुप्ता ने कहा कि धार्मिक आयोजन भारतीय संस्कृति और सामाजिक परंपराओं का अभिन्न हिस्सा हैं। ये लोगों को आस्था से जोड़ने के साथ आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक परंपराएं हमारी संस्कृति और संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम हैं। माता रानी के प्रति श्रद्धा और विश्वास सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर ऋषभ गुप्ता ने सुरेश कालड़ा, सचिन कालड़ा और अन्य गणमान्यजनों को शुभकामनाएं दीं।

पोस्टर निर्माण में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



करनाल। कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में आर्य युवती परिषद के सौजन्य से आयोजित प्रेरणा सप्ताह का समापन पोस्टर निर्माण और नारा लेखन प्रतियोगिताओं के साथ हुआ। पोस्टर निर्माण का विषय भगवान श्रीराम के जीवन आदर्श और नारा लेखन का विषय नशामुक्ति अभियान रहा। महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा ने महात्मा आनंद स्वामी के जीवन, आध्यात्मिक चिंतन और सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को सादगी, त्याग, सेवा, अनुशासन और परोपकार के आदर्श अपनाने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं प्राची शर्मा, एंजेल और वेदिता ने महात्मा आनंद स्वामी के योगदान, आर्य समाज के दस नियमों तथा वेदों एवं वेदमंत्रों पर विचार रखे। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में जिया और शिवानी ने संयुक्त रूप से प्रथम, नवप्रीत कौर और शिवानी ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा काजल और सुनैना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन में मलिश्का प्रथम, डिंपल द्वितीय और नवप्रीत कौर तृतीय रहीं। प्राचार्या मीनू शर्मा और आर्य युवती परिषद की संयोजिका डॉ. सुनीता ने विजेताओं को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. स्वाति शर्मा, अंशुल, डॉ. सीमा रानी, डॉ. नीलम और गैर-शिक्षक वर्ग का सहयोग रहा।

विधायक आनंद होंगे आयोजन समिति के पदेन अध्यक्ष

कर्ण उत्सव बनेगा करनाल का वार्षिक महोत्सव

- 15 नवंबर से डॉ. मंगलसेन ऑडिटोरियम में सजेगा तीन दिवसीय उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

महादानी कर्ण की गौरवशाली विरासत को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित होने वाला कर्ण उत्सव अब करनाल का वार्षिक महोत्सव बनेगा। करनाल के विधायक जगमोहन आनंद आयोजन समिति के पदेन अध्यक्ष होंगे। कर्ण उत्सव से जुड़ी संस्थाओं ने उन्हें वर्ष 2026 के आयोजन की अध्यक्षता करने का आग्रह किया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया।

सेक्टर-8 स्थित अग्र भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करने पहुंचे विधायक का सामाजिक संस्थाओं ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

विधायक जगमोहन आनंद ने कर्ण उत्सव को करनाल की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान बताते हुए कहा कि यह आयोजन महादानी कर्ण के त्याग, दानवीरता, शौर्य और उदारता के आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। उन्होंने सत्ता पक्ष के साथ विपक्षी दलों के नेताओं और सभी सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं से उत्सव में भागीदारी करने का आह्वान किया।



करनाल। कर्ण उत्सव की तैयारियों को लेकर अग्र भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते विधायक जगमोहन आनंद और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि।

बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, करनाल जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों, प्रमुख विपक्षी नेताओं और प्रतिष्ठित हस्तियों को आमंत्रित किया जाएगा।

तीन दिवसीय कर्ण उत्सव में महादानी कर्ण के जीवन पर आधारित प्रकाश एवं ध्वनि नाट्य प्रस्तुति, भारतीय लोकनृत्य, बॉलीवुड गायक अरविंद सिंह राजपूत की संगीतमयी शाम और पद्मश्री तथा लोक संगीत में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित महावीर गुड्डू की लोकगीत प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण होंगी। इसके अलावा करनाल के इतिहास और चुनिंदा हस्तियों पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया जाएगा। सभागार के बाहर खुले मंच पर स्थानीय शौकिया कलाकारों को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कर्ण और करनाल पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

ये रहे मौजूद

बैठक में जितेंद्र अहलावत, डॉ. लाजपत राय चौधरी, ब्रह्माकुमारी शिखा बहन, एडवोकेट नरेश बराना, एसएम कुमार, प्रो. एसएस बरगोटा, भारत भूषण कपूर, प्रो. एसके गोयल, डॉ. राजन लांबा, प्रो. कृष्ण अरोड़ा, अंजू शर्मा, ममता बंसल, हरमीत सिंह हैप्पी, रजनीश चोपड़ा, आकर्षण उप्पल, रचना तलवार, केसी आर्य, ललित शर्मा, एडवोकेट संजय सिंह, एडवोकेट वंदना जैन, एडवोकेट मोहित अरोड़ा सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

महर्षि वाल्मीकि के आदर्श अपनाकर मजबूत करें सामाजिक एकता : विधायक जगमोहन आनंद

करनाल। सदर बाजार स्थित वाल्मीकि बस्ती में भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में युवा समाजसेवी ऋषभ गुप्ता ने भाग लेकर महर्षि वाल्मीकि को नमन किया और उपस्थित लोगों को शुभकामनाएं दीं। विधायक जगमोहन आनंद ने भी समारोह में सामाजिक एकता और महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। ऋषभ गुप्ता ने कहा कि भगवान वाल्मीकि की शिक्षाएं सत्य, ज्ञान, सदाचार और मानवता की सेवा का मार्ग दिखाती हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में समानता, भाईचारे और सद्भाव को मजबूत किया जा सकता है। युवाओं को समाजहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उनके आदर्शों को जीवन में अपनाकर सामाजिक समरसता और आपसी सहयोग की भावना को बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने लोगों से समाज में भाईचारा बनाए रखने का आह्वान किया। समारोह में सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन गिन्नी विर्क, पार्षद उत्सव प्रोचा, पार्षद प्रतिनिधि सोनू एमसी, आकाश सिरसवाल सहित अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे।

श्रीराम मंदिर में कार्तिक कथा आज से



करनाल। सेक्टर-8 स्थित श्रीराम मंदिर में शिव स्तुति और पंचाक्षरी मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जाप किया गया। मुख्य यजमान के रूप में संतोष देवी, दीपक कुमार, सुमन और दिया ने पूजा-अर्चना में भाग लिया। भगवान शिव का दूध, दही, घी, शक्कर और शहद से पंचामृत स्नान करवाकर पुष्पों से शृंगार किया गया। पंडित अनिल द्विवेदी और हरीश आचार्य ने विधिवत पूजन संपन्न करवाया।

भजन गायिका वीना सेठ और अनु खट्टर ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। पंडित हरीश आचार्य ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन किया।मंदिर के प्रधान जगन्नाथ ने बताया कि 26 अक्तूबर से कार्तिक मास का शुभारंभ होगा। 24 नवंबर तक प्रतिदिन कार्तिक कथा आयोजित की जाएगी और सुबह हवन-यज्ञ होगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से धार्मिक आयोजनों में भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर अशोक मदान, वेद दुआ, मुरारी लाल बत्रा, संतोष, सर्वेश और सरोज दुआ सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

आरएसएस खंड चोरा ने मनाया स्थापना



घरौंडा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर एस एस) के खंड चोरा की ओर से 101वें संघ स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सदरपुर गांव के स्कूल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस गौरवमयी अवसर पर पूर्ण गणवेश में सजे सैकड़ों स्वयंसेवकों ने पूरे विधि-विधान के साथ शस्त्र पूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माधव आचार्य ने की। खण्ड प्रचार प्रमुख लखविंद्र कालड़ा ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का परिचय करवाया और उनका अभिनंदन किया।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक संजय कुमार, माधव आचार्य, जिला सह कार्यवाह विक्रम, सह खण्ड कार्यवाह सन्दीप कुमार, और जिला नागरिक पत्रकारिता प्रमुख सन्दीप लोहट विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक संजय कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि विजयादशमी शक्ति, साहस और विजय का प्रतीक पर्व है। संघ में शस्त्र पूजन और पथ संचलन की गौरवशाली परंपरा का निर्वहन किया जाता है।जिस प्रकार बुराइयों के प्रतीक रावण का दहन किया जाता है, उसी प्रकार हमें अपने अंदर मौजूद विभिन्न बुराइयों का नाश कर सकारात्मक जीवन के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

महापुरुषों के विचारों और भारतीय संस्कृति से संस्कार ग्रहण कर आगे

करनाल। सेवा श्री आश्रम में श्री गोविंद निलमय आवासीय परिसर (छात्रावास) का पांचवां वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश गुप्ता ने की।

इस अवसर पर हरविन्द्र कल्याण ने विद्यार्थियों से महापुरुषों के विचारों को आत्मसात करने और भारतीय संस्कृति से जुड़कर अच्छे संस्कार अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने सफल आयोजन के लिए सेवा भारती की टीम की सराहना की। साथ ही, छात्रावास परिसर में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चित्रों और सजावटी लड़ियों की भी प्रशंसा की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि समय की मांग है कि स्वदेशी वस्तुओं को अपनाया जाए। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को ईमानदारी से



अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। उन्होंने कहा कि अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति जागरूकता भी जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में सेवा भारती हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष यश देव त्यागी, उपाध्यक्ष रोशन लाल, सेवा श्री आश्रम छात्रावास अध्यक्ष डॉ. श्याम विधवा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र वास्तव, प्रांत कार्यालय सचिव महिपाल, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा, सुमन चौधरी, अनिल गुप्ता और प्रताप सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

कार्तिक महात्म्य कथा का शुभारंभ आज से 24 तक



करनाल। सदर बाजार स्थित मंदिर माता रामप्यारी बत्रा एवं हकीम उत्तम चंद बत्रा के परिसर में 49वीं वार्षिक कार्तिक महात्म्य कथा का शुभारंभ 26 अक्तूबर, सोमवार से होगा। 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर कथा का समापन किया जाएगा। एक माह तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन हवन-यज्ञ, जलपान, कार्तिक कथा और आरती होगी। निवेदक वैद्य देवेंद्र बत्रा ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रमों में शामिल होकर संतों का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

प्रतिदिन सुबह पांच बजे हवन-यज्ञ, 5:40 बजे जलपान, छह बजे कार्तिक कथा और 7:30 बजे आरती होगी। कथा वाचन पंडित चेतन देव जी शर्मा (करनाल), पंडित शेखर शर्मा (करनाल) और स्वामी सच्चिदानंद शर्मा कुटिया वाले करेंगे। 26 और 27 अक्तूबर को जम्मू वाले स्वामी सुख सागर जी महाराज के प्रवचन होंगे।

1 से 3 दिसंबर तक दिल्ली में होगा महापड़ाव

मिड डे मील वर्कर्स महापड़ाव की तैयारी में

- 42 हजार रुपये मासिक वेतन की मांग, जिले से बड़ी भागीदारी जुटाने की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

सेंट्रल इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) के आह्वान पर 1, 2 और 3 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय महापड़ाव को सफल बनाने के लिए मिड डे मील वर्कर यूनियन, करनाल ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान शिमला देवी ने की, जबकि संचालन जिला सचिव संतोष ने किया।

बैठक में मुख्य वक्ता राज्य उपप्रधान ओपी माटा ने कहा कि



करनाल। दिल्ली महापड़ाव की तैयारियों को लेकर बैठक करतीं मिड डे मील वर्कर यूनियन की पदाधिकारी।

स्कूलों में बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली मिड डे मील वर्करों को सम्मानजनक वेतन, सामाजिक सुरक्षा और बेहतर कार्य परिस्थितियां मिलनी चाहिए।

उन्होंने सरकार से लंबित मांगें लागू करने की अपील की। शिमला देवी और संतोष ने सभी ब्लॉकों के पदाधिकारियों से गांवों और स्कूलों में संपर्क अभियान चलाकर अधिक से अधिक वर्करों को महापड़ाव में शामिल करने का आह्वान किया।

यूनियन की प्रमुख मांगें

यूनियन की प्रमुख मांगों में 42,000 रुपये मासिक न्यूनतम वेतन, पक्का कर्मचारी घोषित करना, पूरे 12 महीने का वेतन, मानदेय का समय पर भुगतान, सेवानिवृत्ति पर पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता तथा पेंशन सहित सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना शामिल है।

बैठक के दौरान कविता, कमलेश, गीता, नीलम, लक्ष्मी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

न्यूज डायरी

कांग्रेस सेवा दल ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज



करनाल। कांग्रेस सेवा दल की परंपरा के तहत महीने के अंतिम रविवार को राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.वी. श्रीनिवास और हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष पूनम चौहान के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रधान अनिल शर्मा और प्रदेश महासचिव जसबीर पान्नु ने कार्यकर्ताओं को संगठन के मूल कर्तव्यों की जानकारी दी। जसबीर पान्नु ने बताया कि कांग्रेस सेवा दल की स्थापना वर्ष 1924 में एनएस हार्डिकर ने आंध्र प्रदेश के काकिनाडा में की थी। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू इसके पहले चेयरमैन बनाए गए थे। आजादी की लड़ाई में शामिल कांग्रेस के कई बड़े नेता संगठन से जुड़े रहे। उन्होंने कहा कि सेवा दल के स्वयंसेवक गांधी टोपी पहनने और महात्मा गांधी के विचारों पर चलने के लिए जाने जाते हैं। इस अवसर पर प्रदेश सचिव बलजीत चौहान, महामंत्री सुरेंद्र चोपड़ा, जिला महासचिव संदीप कुमार, जिला सचिव नीतिन वाल्मीकि, राजबीर सिंह, ब्लॉक प्रधान राजपाल सिंह, डॉ. जगमाल सिंह, मीडिया प्रभारी सुनील शर्मा, प्रविंद सांगवान, साहिल और मोहनलाल मौजूद रहे।

चावल चोरी के आरोपी कर्मचारी व ट्रक मालिक काबू



करनाल। थाना सदर करनाल पुलिस ने राइस मिल से लाखों रुपये के चावल चोरी कर बेचने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अजीत पुत्र रामबीर सिंह निवासी अराईपुरा, सुशील पुत्र किशोरी लाल निवासी विकास नगर, करनाल और अंकुश पुत्र वेदपाल निवासी छपरा खेड़ा, जिला करनाल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, करनाल निवासी अमित दहिया की मोहदीनपुर गांव के क्षेत्र में ग्रीनफील्ड प्योर इंडिया नाम से राइस मिल है। शिकायतकर्ता ने सुशील को करीब चार साल पहले और अंकुश को करीब दो साल पहले मुनीम के तौर पर नियुक्त किया था। कुछ समय से मिल से ट्रकों में अधिक चावल लोड होने और ग्राहकों तक कम मात्रा में पहुंचने की जानकारी मिलने पर उसे कर्मचारियों पर शक हुआ। आरोप है कि दोनों कर्मचारियों ने ट्रक मालिक अजीत के साथ मिलकर ट्रकों में अतिरिक्त चावल के कट्टे लोड किए और रास्ते में उतारकर तरावड़ी, अंबाला सहित अन्य क्षेत्रों में दुकानदारों को बेच दिया। शिकायतकर्ता के अनुसार, यह गतिविधि करीब एक साल से चल रही थी और इससे लाखों रुपये के चावल बेचे गए। शिकायत के आधार पर 24 अक्तूबर को थाना सदर करनाल में मामला दर्ज किया गया। थाना सदर प्रभारी निरीक्षक तरसेम सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक जगमोहन सिंह की टीम ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। न्यायालय ने अजीत और सुशील का दो दिन का पुलिस रिमांड मंजूर किया, जबकि अंकुश को न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया गया। पुलिस रिमांड के दौरान चोरी किए गए चावल की बरामदगी और अन्य संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की जांच की जाएगी।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के चौथे दिन किया हवन



इंद्री। गांव बीबीपुर जाटान स्थित श्री चंद्रमौलेश्वर महादेव मंदिर में चल रहे श्री विद्या मां बाला त्रिपुर सुंदरी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के चौथे दिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इस दौरान पूजन, प्रसाद वास्तु, दिग्धु होम, महा स्नापन व स्थापित देवता होम सहित हवन -यज्ञ किया गया। हवन यज्ञ में 25 यजमानों ने भाग लेकर आहुति डाली। मंदिर के महंत आचार्य दिगंबर कल्याणपुरी जी महाराज ने बताया कि मंदिर में पांच दिवसीय श्री विद्या मां बाला त्रिपुर सुंदरी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम चल रहा है। कार्यक्रम मे प्रतिदिन पूजा-पाठ, आरती और प्रसाद वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गुजरात से आए 10 वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान करवाया जा रहा हैं। चौथे दिन हुए हवन यज्ञ में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ भाग लिया।

बालाजी धाम रामगढ़ में जागरण का आयोजन



इंद्री। श्री बालाजी धाम रामगढ़ इंद्री में श्री बालाजी महाराज का 42वां विशाल जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक नरेंद्र कौशिक ने पहुंचकर बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान किया। उनके भजनों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। बालाजी धाम के संचालक महेंद्र पाल तोमर ने बताया कि श्री बालाजी धाम में हर वर्ष बालाजी महाराज के जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस धार्मिक आयोजन में हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालु बालाजी महाराज के दरबार में माथा टेककर सुख-समृद्धि की कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। उन्होंने बताया कि जागरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

धूमधाम से मनाई महाराजा रणवीर की जयंती



तरावड़ी। रोहिल्ला क्षत्रीय समाज की ओर से कठेहर रोहिलखंड नरेश महाराजा रणवीर सिंह रोहिल्ला की जयंती बड़े ही धूमधाम, उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। जयंती समारोह में रोहिल्ला क्षत्रीय समाज के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और महाराजा रणवीर सिंह रोहिल्ला को नमन करते हुए उनके गौरवशाली इतिहास, स्वाधीनता और स्वाभिमान की भावना को याद किया। समारोह के दौरान समाज के लोगों ने एकजुट होकर अपनी सामाजिक एकता और संगठन की ताकत का परिचय दिया। महाराजा रणवीर सिंह रोहिल्ला को स्वाधीनता, स्वाभिमान, साहस और संघर्ष की भावना का प्रतीक मानते हुए जयंती समारोह में उनके आदर्शों को याद किया गया। इस मौके पर प्रधान सुरेंद्र रोहिल्ला, यतिंद्र रोहिल्ला व संदीप रोहिल्ला ने कहा कि महापुरुषों की जयंती मनाने का उद्देश्य केवल उन्हें याद करना ही नहीं, बल्कि उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आने वाली पीढ़ियों को अपनी ऐतिहासिक विरासत और गौरवशाली परंपराओं से परिचित करवाना भी है। ऐसे आयोजन समाज को अपनी जड़ों से जोडने और युवाओं में इतिहास के प्रति जागरूकता पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर समाज के प्रबुद्ध लोगों ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर सुभाष, जसविंदर रोहिला, रमेश रोहिला, रामकुमार रोहिला, भूषण रोहिला, सुनील रोहिला, मास्टर फूल चन्द रोहिला, चतर सिंह रोहिला, प्रवीण रोहिला, विक्रम रोहिला, मनोज रोहिला, रविन्द्र रोहिला, शेखर रोहिला, आशीष रोहिला, अमित रोहिला, धीरज रोहिला, पूर्व रोहिला, अंश रोहिला, रुद्र रोहिला, राघव रोहिला, आदित्य रोहिला, रुद्र, आरव रोहिला, अरनव रोहिला, शिवि, सन्नी सहित बड़ी संख्या में युवा और महिलाएं मौजूद रही समाज की एकजुटता का बना प्रतीक : तरावड़ी में आयोजित जयंती समारोह ने रोहिल्ला क्षत्रीय समाज की एकजुटता को प्रदर्शित किया।

खबर संक्षेप

डॉ.आरती हरजाई को सम्मानित किया

पानीपत। श्री राम सेवा दल बरसत रोड नूरवाला द्वारा संचालित मेडिकल विंग में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.आरती हरजाई को उनकी अतुलनीय एवं निस्वार्थ सेवाओं के लिए श्री राम सेवा सम्मान देकर व दुशाला ओढ़ाकर, स्मृति चिह्न एवं श्री हनुमान चालीसा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राम स्वरूप चावला, तिलक राज छोकरा, सुरेंद्र सहगल, राजन छोकरा, अविनाश इशपुनानी, पायल वधवा, दामिनी डुमड़ा, काजल आनंद आदि उपस्थित रहे।

पुलिस ने ग्रामीणों को जागरूक किया

पानीपत। पानीपत पुलिस ने गांव ब्रहामण माजरा में ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर उन्हें जीवन में कभी भी नशा नहीं करने बारे शपथ दिलवाई गई। वही, साइबर क्राइम से बचाव कैसे किया जाए इसकी जानकारी देते हुए यातायात नियमों की पालन की अपील की।

बाबा श्याम के दर्शन के लिए बस रवाना

पानीपत। बाबा श्याम सेवा समिति द्वारा आज प्राचीन श्री देवी मन्दिर से चुलकाना धाम के लिए बाबा श्याम के दर्शन के लिए बस रवाना की गई। वही, समाजसेवी जगदीश, इनकी पत्नी कमलेश व पुत्र दीपक, पुत्रवधु सीमा ने नारियल फोडक़र श्रद्धालुओं की बस को रवाना किया। इस अवसर पर बाबा श्याम सेवा समिति के प्रधान पवन कंसल, विनोद पांचाल, मोहन लाल , धर्मेंद्र इंसा, गोबिंद सैनी, अजय ठाकुर, वकील ललित मितल आदि उपस्थित रहे।

संस्कृत शिक्षक संघ ने बैठक की

पानीपत। राजकीय संस्कृत अध्यापक संघ जिला पानीपत ने प्रधान संजय शास्त्री ने संघ की जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। शास्त्री ने बताया कि रजवंती को महासचिव, दुर्गा शास्त्री को सह सचिव, सुनील शास्त्री को कोषाध्यक्ष बनाया है। जबकि इसराना खंड का प्रधान कुलदीप गौतम, बापौली का प्रदीप शास्त्री, मतलौडा का बलराम शास्त्री, पानीपत का सुरेंद्र शास्त्री, समालखा का प्रधान विष्णु शास्त्री को नियुक्त किया गया।

मंडियों में धान की आवक में तेजी

पानीपत। उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में कुल 166697.2 मीट्रिक टन धान की आवक हुई। इसमें से 16380.0 मीट्रिक टन धान पीआर तथा 1509 किस्म की 146225.0 मीट्रिक टन धान, सरबती 19.5 मीट्रिक टन, बासमति/1121 धान 3555.9 मीट्रिक टन व मुच्छल 516.8 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है।

खाद्य पदार्थों के चार नमूने भरे

पानीपत। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों की जांच हेतु कार्रवाई की गई। इस दौरान डॉ. विक्रम पचिसिया, खाद्य सुरक्षा अधिकारी त द्वारा मॉडल टाउन, पानीपत से विभिन्न खाद्य पदार्थों के चार नमूने लिए गए। वहीं, लिए गए खाद्य नमूनों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जांच हेतु प्रयोगशाला में भेजा जाएगा।

पानीपत पुलिस ने दो अपराधी पकड़े

पानीपत। पानीपत पुलिस ने चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद पुलिस से बच रहे दो आरोपियों टिंकू निवासी गांव मोहना व सुनील निवासी गांव भठगांव जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है। वहीं, सुनील पर चोरी व हत्या समेत बीस केस दर्ज है। इन पर समालखा के गांव डिंडार में घर से जेवरात और नकदी चोरी करने का आरोप है।

बाइक डिवाइडर से टकराने पर युवक की मौत

पानीपत। पानीपत के गांव निंबरी के पास शनिवार शाम बाइक डिवाइडर से टकराने के कारण 19 वर्षीय प्रिंस निवासी विद्यानंद कालोनी, पानीपत की मौत हो गई। प्रिंस परिवार का र दो छोटी बहनों का इकलौता भाई था। पुलिस ने प्रिंस की मौत के मामले की जांच शुरू कर दी है।युवक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

एसडी एजुकेशन सोसाइटी के चुनाव सर्वसम्मति से हुए



एसडी एजुकेशन सोसाइटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी।



आकाश गर्ग चेयरमैन, वीरेन्द्र बंसल वाइस चेयरमैन, मनोज सिंगला सचिव और अमित जिंदल ऑडिटर चुने गए। एसडी इंटरनेशनल स्कूल में पवन कुमार गर्ग चेयरमैन, दीपक सिंगला सचिव और रामलाल सिंगला ऑडिटर चुने गए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री एसडी एजुकेशन सोसाइटी पानीपत और इससे जुड़े शिक्षण संस्थानों के चुनाव शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुए। प्रत्येक पद पर एक ही नामांकन आने के कारण सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। चुनाव प्रक्रिया रिटर्निंग ऑफिसर सुरेन्द्र मित्तल और ऋषभ मित्तल की देखरेख में हुई। गत 19 अक्टूबर को प्राप्त सभी 36 नामांकन पत्र जांच में सही पाए गए। वहीं 21 अक्टूबर नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि थी। बता दें कि ये चुनाव प्रत्येक तीन वर्ष में होते हैं।

ये बने पदाधिकारी: श्री एसडी एजुकेशन सोसाइटी में कमल गुप्ता प्रधान, अनूप कुमार उपप्रधान, नरेश कुमार गोयल सचिव, श्रवण कुमार संयुक्त सचिव और विनोद गुप्ता ऑडिटर चुने गए। एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रमोद कुमार बंसल प्रधान, विनोद कुमार उपप्रधान, फकीर चंद गुप्ता प्रबंधक, प्रतीक गर्ग संयुक्त प्रबंधक, सूरज प्रकाश खजांची, कृष्ण अग्रवाल ऑडिटर चुने गए। एसडी पीजी कॉलेज में दिनेश कुमार प्रधान, महेंद्र अग्रवाल उपप्रधान, राजेश गर्ग महासचिव और विशाल गोयल कोषाध्यक्ष चुने गए। एमएएसडी पब्लिक स्कूल में अश्वनी मित्तल चेयरमैन, अभय सिंगला वाइस.चेयरमैन और नीरज कुमार गोयल ऑडिटर चुने गए। एसडी विद्या मंदिर, हुडा में तुलसी सिंगला चेयरमैन, विकास कुमार वाइस चेयरमैन, उत्तम गुप्ता सचिव और रोहित गर्ग ऑडिटर नियुक्त हुए। एसडी विद्या मंदिर सिटी में सतीश चंद्रा चेयरमैन, ईश्वर गर्ग वाइस चेयरमैन, सुरेन्द्र गुप्ता सचिव और नीरज कुमार ऑडिटर चुने गए। एपीआईआईटी एसडी इंडिया में निशांत गुप्ता चेयरमैन, सरवण मित्तल वाइस चेयरमैन और विकुल बिन्दल ऑडिटर चुने गए। एसडी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में

किसी बाहरी पहचान की मोहताज नहीं होती सच्ची भक्ति:मां सुदीक्षा

सत्य, प्रेम, विनम्रता, सहनशीलता अपनाने से जीवन सार्थक होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

जागरूकता केवल बाहरी सजगता तक सीमित नहीं, बल्कि विचारों, व्यवहार और भावनाओं में भी चेतन रहना आवश्यक है। इसी आध्यात्मिक संदेश का आह्वान करते हुए निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा ने निरंकारी संत समागम में उपस्थित विशाल मानव परिवार को संबोधित किया। वहीं, संत समागम में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु एवं भक्त एकत्रित हुए। विभिन्न भाषाओं एवं संस्कृतियों से सम्मिलित इस विशाल मानव परिवार का प्रेमपूर्ण मिलन सौहार्द, सद्भावना और विश्वबंधुत्व की अनुपम छवि प्रस्तुत कर रहा है। समागम का वातावरण आध्यात्मिक चेतना, भक्ति और आपसी प्रेम के भावों से परिपूर्ण है। मां सुदीक्षा ने आध्यात्मिक 'जागृति' के वास्तविक भाव को स्पष्ट करते हुए फरमाया कि जागरूकता केवल बाहरी सजगता तक सीमित नहीं, बल्कि विचारों, व्यवहार और भावनाओं में भी चेतन रहना आवश्यक है। भक्ति की महत्ता को प्रकाशित करते हुए सतगुरु माताजी ने समझाया कि सच्ची भक्ति किसी बाहरी पहचान की मोहताज नहीं, बल्कि प्रेम, विनम्रता, सहनशीलता और सत्य को जीवन में अपनाने से सार्थक होती है। समय के साथ जीवनशैली में बदलाव स्वीकार करते हुए भी सत्य को अपना आधार बनाए रखना चाहिए। सत्संग की सार्थकता तभी है, जब वहां प्राप्त शिक्षाओं को अपने आचरण में उतारा जाए और आत्मसुधार की भावना निरंतर बनी रहे। सन्त समागम में आधुनिक तकनीक, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था एवं रचनात्मक प्रस्तुतियों से सुसज्जित निरंकारी प्रदर्शनी श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र बनी हुई है।

- समय के साथ जीवनशैली में बदलाव स्वीकार करते हुए भी सत्य को अपना आधार बनाए रखना चाहिए



समालखा। निरंकारी सतगुरु मां सुदीक्षा सत्संग करते हुए। फोटो : हरिभूमि



समालखा। इंद्रप्रस्थ मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के डॉक्टर बच्चों का स्वास्थ्य जांचते हुए।

इंसान का पहला सुख है निरोगी काया : सिंह

समालखा। सैफ्रोन ग्लोबल स्कूल एवं सुंदर वाटिका किड्स पाठशाला के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों एवं अभिभावकों के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। वहीं, सैफ्रोन ग्लोबल स्कूल के संचालक चरण सिंह व सुंदर वाटिका किड्स पाठशाला के प्रबंधक नरेश बैनीवाल की देखरेख में कैंप में इंद्रप्रस्थ मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल से विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने भाग लिया और बच्चों एवं अभिभावकों की नेत्रों व दंतों की जांच विशेषज्ञों द्वारा की गई। जबकि स्त्री रोग विशेषज्ञ ने छात्राओं एवं महिलाओं के स्वास्थ्य जांचा। डॉक्टर्स ने कहा कि रोगों के लक्षण नजर आते ही डॉक्टर से उपचार ले। वहीं निरोगी काया इंसान का पहला सुख है।



पानीपत। सुदर्शन क्रिया की ट्रेनिंग लेने वालों के साथ आर्ट आफ लिविंग के शिक्षक।

सुदर्शन क्रिया कर स्वस्थ्य रहें नागरिक : कुसुम

पानीपत। हरियाणा शिक्षा विभाग के 31 क्लस्टर प्रमुखों ने आर्ट ऑफ लिविंग पानीपत के शिक्षक दीपक सिंघल और कुसुम धीमान के मार्गदर्शन में सुदर्शन क्रिया का अनुभव किया। कार्यक्रम में डीपीसी मनीष और एडीसी कुलभूषण जैन ने भी भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने मानसिक शांति, प्रसन्नता और सकारात्मकता का अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम अधिकारियों और कर्मचारियों को तनावमुक्त रहकर एकाग्रता एवं कार्यक्षमता बढ़ाने में सहायक हैं। वहीं प्रतिभागियों ने सुदर्शन क्रिया को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के इंस्टीट्यूशनल प्रोग्राम से जुड़े बच्चों पार्थ और प्रियांशु कुच्छल ने सिक्स्थ सेंस एक्टिवेशन का प्रदर्शन किया। समापन पर प्रतिभागियों ने कुसुम धीमान और दीपक सिंघल का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक डॉ.विकास, अमन ज्योति, अनीता खुराना, विक्रांत वर्मा, सागर तागरा और गौतम सेतिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



पानीपत। दिव्या ज्योति जागृती संस्थान में सत्संग करते हुए गुरू ज्ञानानंद।

धर्म की राह पर चलें नागरिक: ज्ञानानंद

पानीपत। दिव्या ज्योति जागृती संस्थान की ओर से -11/12 की न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सत्संग समागम और भंडारे का आयोजन हुआ। वहीं, दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संचालक सर्व श्री आशुतोष महाराज के शिष्य गुरु भाई स्वामी गुरु ज्ञानानंद ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिक को छल कपट छोड कर धर्म की राह अपनी चाहिए, वहीं, धर्म की राह ही इंसान को सच्चा सुख दे सकती है। स्वामीजी ने बताया कि जैसे धार्मिक कार्यक्रम होते हैं। हम लंगर भंडारा लगाया जाता हैं। तो बहुत सारे भक्तजन उसमें एकत्र होते हैं। पंक्ति में बैठकर भोजन ग्रहण करते हैं। इससे प्रेम, एकता भाईचारा सद्भावना बढ़ती है। इस अवसर बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने भजन गाए और प्रसाद ग्रहण किया।



पानीपत। आर्य कॉलेज की विजेता बेसबॉल टीम। फोटो : हरिभूमि

आर्य कॉलेज ने बेसबॉल में इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया

पानीपत। आर्य कॉलेज की बेसबॉल टीम ने इंटर कॉलेज बेसबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने खेल विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश टूर्ण और खेल विभाग की पूरी टीम को खिलाड़ियों के कुशल मार्गदर्शन एवं निरंतर प्रोत्साहन के लिए सराहा। डॉ गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर आर्य कॉलेज के पांच खिलाड़ियों सुराखा, जवनप्रीत, समीर, अंशुल और सौरभ पांडे का ऑल इंडिया कैंप के लिए चयन हुआ है। यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है और इससे अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी। जबकि डॉ. राजेश टूर्ण ने कहा कि टीम की इस सफलता के पीछे खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, समर्पण और नियमित अभ्यास की अहम भूमिका है।



कांग्रेसियों ने ज्ञानेश का पुतला जलाकर प्रदर्शन किया

पानीपत। पानीपत में वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस ने सचिवालय के सामने पुल के नीचे प्रदर्शन कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका। पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर केंद्र सरकार और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि जब तक उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, पार्टी का आंदोलन जारी रहेगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ग्रामीण रमेश मलिक ने कहा कि वोट बचाने के मुद्दे पर पूरे देश में प्रदर्शन किए जा रहे हैं। उन्होंने मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सरकार वोट चोरी के माध्यम से सत्ता में बनी हुई है। इधर, सचिन कुंडू ने दावा किया कि चुनाव अधिकारियों की ओर से भी मुख्य चुनाव आयुक्त के सरकार के इशारे पर काम करने की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा कि इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रही है। इधर, प्रदर्शन में बडी संख्या में कांग्रेसियों ने भाग लिया।

मोदी ने भारत को विश्व शक्ति बनाया

- गांव सिवाह में सरपंच कार्यालय पर ग्रामीणों ने सुनीं पीएम मोदी के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव सिवाह में रविवार को सरपंच सुनीता कादियान के कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 139वें एपिसोड को सरपंच प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत सदस्यों, नंबरदारों और ग्रामीणों ने टीवी के माध्यम से सुना। वहीं, सरपंच प्रतिनिधि रणदीप कादियान, सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन सुरेश कादियान, जिला मीडिया प्रभारी ओमदत्त आर्य, सुनीता आर्य, सिवाह गौशाला के सचिव राजबीर कादियान, जयदीप कादियान नंबरदार, समाजसेवी राजकुमार 'राजू' कादियान ठेकेदार, पंच सुनील शीला, सरदार हरभजन सिंह, रविंद्र सहरावत, विक्रम सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

वहीं, सरपंच प्रतिनिधि एवं आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान रणदीप कादियान ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम सत्ता और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने के साथ-साथ आत्मीय जुड़ाव का माध्यम भी है। इस कार्यक्रम के जरिए समाज के सामान्य लोगों के परिश्रम, पराक्रम, प्रतिबद्धता, समर्पण और सेवा-भाव को पहचानने तथा उनके कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का अवसर मिलता है।

कादियान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में तेजी से तरक्की कर रहा है। वहीं दुनिया के हर देश को भारत की अहमियत का पता चल गया है। जबकि भारत विश्व शक्ति बन चुका है और विश्व गुरू बनने की राह में है।



पानीपत। गांव सिवाह में सरपंच प्रतिनिधि रणदीप कादियान अपनी टीम के साथ मोदी के मन की बात सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

भारतीय योग संस्थान ने साधकों को करवाई शंख क्रिया प्रक्षालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय योग संस्थान की कुरुक्षेत्र जिला इकाई की ओर से योगाश्रम मिजार्पुर में शंख प्रक्षालन क्रिया करवाई गई। कार्यक्रम में 50 साधकों ने भाग लिया, जबकि 10 कार्यकतार्ओं ने सेवा में सहयोग दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ साधक ओम प्रकाश बाजवा के भजन से हुआ। ओम ध्वनि और गायत्री मंत्र के बाद प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ. गुलशन कुमार ग्रोवर ने घुटनों की सूक्ष्म क्रियाओं का अभ्यास करवाया। प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अरोड़ा ने शंख प्रक्षालन के महत्व, सावधानियों और निषेधों की जानकारी देते हुए ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, कटि चक्रासन, तिर्यक भुजंगासन और उदराकर्षण आसन का अभ्यास करवाया।





इनसो नेता बलराज हाउस अरेस्ट

पानीपत। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पानीपत दौरे से पहले इनसो के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बलराज देशवाल के घर पुलिस पहुंची और उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया बलराज देशवाल लगातार दूसरी बार पुलिस की इस कार्रवाई का सामना कर रहे हैं इससे पहले नौ अक्तूबर को भी हाउस अरेस्ट किया गया था। स्मरणीय है कि इनसो नेता देशवाल प्रत्यक्ष छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग एवं प्रदेश के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों से जुड़ी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी को ज्ञापन सौंपने की तैयारी में थे इसके लिए आर्य कॉलेज में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर छात्रों की मांगों को उनके समक्ष रखने की योजना थी लेकिन मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से पहले ही पुलिस उनके घर पहुंच गई और उन्हें बाहर जाने से रोक दिया।

गिरीश अरोड़ा ने शरद पूर्णिमा के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला

शरद पूर्णिमा पर भजन-कीर्तन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री सोमनाथ धाम आश्रम निंबरी में शरद पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भजन-कीर्तन से हुआ।

रमेश आर्य ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल के महामंत्री गिरीश अरोड़ा ने पूज्य गुरुदेव श्री सुधांशु जी महाराज की शिक्षाओं और शरद पूर्णिमा के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह पर्व प्रेम, समर्पण, सकारात्मकता और सद्भाव का संदेश देता है। गुरुदेव की शिक्षाएं परिवारों को जोड़ने, बच्चों में अच्छे संस्कार विकसित करने और जरूरतमंदों की सहायता करने की प्रेरणा देती हैं। गिरीश अरोड़ा ने मंडल प्रधान डा. जगजीत आहूजा के सहयोग और सबको साथ लेकर चलने की भावना की सराहना की। उन्होंने मंडल के पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों, मातृशक्ति और कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

कार्यक्रम में मंडल प्रधान डा.जगजीत आहूजा, कार्यकारिणी प्रधान यशपाल चौधरी, रमेश ढींगड़ा, रमेश आर्य, जगदीश खुराना सहित मंडल के पदाधिकारी और श्रद्धालु मौजूद रहे। समापन पर सभी ने भंडारे और लंगर प्रसाद ग्रहण किया।



पानीपत। श्री सोमनाथ धाम आश्रम में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गिरीश अरोड़ा। फोटो : हरिभूमि

सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने किया चोकीढाणी और पिंजौर का भ्रमण



थानेसर। सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल, कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों ने चोकी ढाणी और पिंजौर का शैक्षिक एवं मनोरंजक भ्रमण किया। इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ विभिन्न संस्कृतियों, प्रकृति और ऐतिहासिक विरासत से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान छोकि ढाणी में विद्यार्थियों ने राजस्थानी संस्कृति, लोक कला और पारंपरिक गतिविधियों का आनंद लिया। यहां की सांस्कृतिक झलकियों और मनोरंजक गतिविधियों ने बच्चों को खूब आकर्षित किया। वहीं, पिंजौर में विद्यार्थियों ने प्राकृतिक सौंदर्य और मनमोहक दृश्यों का आनंद उठाया। पूरी यात्रा के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने अपने सहपाठियों और शिक्षकों के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और मनोरंजन के साथ नए अनुभव प्राप्त किए।

खबर संक्षेप

जिले में विशेष लोक अदालत 21 नवंबर को

अंबाला। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 21 नवंबर 2026 को जिला न्यायालय परिसर में एनआई एक्ट से संबंधित मामलों हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत का उद्देश्य धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित लंबित मामलों का आपसी समझौते एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से त्वरित निपटारा करना है, जिससे पक्षकारों का समय एवं धन दोनों की बचत हो सके तथा न्यायिक प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी बनाया जा सके।

धान की 398709.50 मीट्रिक टन आवक

अंबाला। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक जितेश गोयल ने बताया कि जिला में धान खरीद कार्यों से संबंधित सभी मंडियों में कार्य सुचारू रूप जारी है। 15 मंडियों में उठान का कार्य भी बेहतर तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 24 अक्तूबर शाम 6 बजे तक जिला की मंडियों में धान की 398709.50 मीट्रिक टन आवक हो चुकी है। इसमें से विभिन्न एजेंसियों द्वारा 362257 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। अब तक कुल 271150 मिट्रिक टन धान का उठान हो चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि खाद्य आपूर्ति विभाग एवं एजेंसियों द्वारा 248560 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। हैफेड द्वारा 113697 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है।

मॉक प्रस्ताव पर नही होती कार्रवाई : अनिल

अंबाला। परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि 30 अक्तूबर को इंडि गठबंधन मॉक पार्लियामेंट में मॉक प्रस्ताव ही पास करेगा। मॉक प्रस्ताव पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। इसके अलावा, उन्होंने जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के बयान के संबंध पर हमला करते हुए कहा कि /"फारूक अब्दुल्ला का जो चरित्र है वह देश के जन-जन में पहले से ही उजागर है। वह हिंदुस्तान से ज्यादा पाकिस्तान से प्रेम करते हैं। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि /"कुछ भटकी हुई आत्माएं पलट पलट के इस पर वार करने की कोशिश करती हैं लेकिन इनका कोई भी प्रहार कामयाब नहीं होगा।

दिल्ली से श्रीनगर चलेगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

अंबाला। रेलवे ने नई दिल्ली से श्रीनगर तक वंदे भारत स्लीपर ट्रेन चलाने की प्रक्रिया तेज कर दी है। इसके लिए उत्तर रेलवे ने अंबाला, फिरोजपुर और जम्मू मंडल से मार्ग की समयसारिणी और स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म के ठहराव से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट तत्काल मांगी है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक रिपोर्ट तैयार होने के बाद इसे उच्चाधिकारियों को सौंपा जाएगा। इसके बाद इस मार्ग पर ट्रेन के संचालन की आधिकारिक तारीख का ऐलान किया जाएगा। मौजूदा समय में यात्रियों को नई दिल्ली से कटरा तक का सफर तो वंदे भारत या अन्य ट्रेनों से मिल जाता है लेकिन इसके आगे श्रीनगर की वादियों तक पहुंचने के लिए उन्हें ट्रेन बदलकर जाना पड़ता है। यात्री राजधानी से ही स्लीपर कोच में सवार होकर बिना किसी झंझट के सीधे श्रीनगर पहुंच सकेंगे। मौजूदा समय में यात्रियों को नई दिल्ली से कटरा तक का सफर तो वंदे भारत या अन्य ट्रेनों से मिल जाता है।

डीईओ कालड़ा ने शाहपुर और दुखेड़ी स्कूलों का किया निरीक्षण

हर छात्र होगा पास, 155 स्कूलों में लागू होगी शिक्षा में सफलता की रणनीति

डीईओ ने दोनों विद्यालयों में पेयजल, शौचालयों, बिजली और साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। निरीक्षण के दौरान छात्रों से बात करते डीईओ सुधीर कालड़ा।

जिले के सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने और बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बीते रोज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहपुर और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुखेड़ी का दौरा किया । इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई जा रही मूलभूत सुविधाओं जैसे कि स्वच्छ वातावरण, बिजली-पानी, शौचालय, मिड-डे मील व्यवस्था तथा कक्षा दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणामों में सुधार के लिए तैयार की जा रही कार्ययोजना का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने दोनों विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों से संवाद करते हुए स्पष्ट किया कि प्रत्येक विद्यार्थी को सफल बनाना विद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। जिला शिक्षा अधिकारी ने दोनों विद्यालयों में पेयजल, शौचालयों, बिजली और साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मिड-डे मील की व्यवस्था को भी देखा और विद्यार्थियों के हित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय मुखियाओं को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध करवाने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। डीईओ ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में आगे बढ़ने की क्षमता होती है। आवश्यकता इस बात की है कि उसकी सीखने संबंधी कठिनाइयों को समय पर पहचाना जाए और उसे उचित मार्गदर्शन, अभ्यास तथा प्रोत्साहन मिले।

हर विद्यार्थी की सफलता पर फोकस

निरीक्षण के दौरान डीईओ सुधीर कालड़ा ने दोनों विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों से विशेष रूप से चर्चा की कि आगामी बोर्ड परीक्षाओं में कक्षा दसवीं और बारहवीं का परिणाम शत-प्रतिशत लाने के लिए उनके पास क्या ठोस कार्ययोजना है। उन्होंने कहा कि केवल परीक्षा से पहले तैयारी करवाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी की शैक्षणिक स्थिति का नियमित आकलन करना, उसकी कठिनाइयों को समझना और समय रहते उनका समाधान करना आवश्यक है। उन्होंने विद्यालय मुखियाओं से कहा कि विद्यार्थियों की विषयवार उपलब्धि का विश्लेषण किया जाए। जिन विद्यार्थियों को किसी विषय या अवधारणा को समझने में कठिनाई आ रही है, उनके लिए अतिरिक्त कक्षाओं, नियमित अभ्यास, पुनरावृत्ति, छोटे-छोटे टेस्ट और व्यक्तिगत मार्गदर्शन की व्यवस्था की जाए। टेस्ट के बाद विद्यार्थियों की गलतियों का विश्लेषण करके उन्हें दोबारा समझाया जाए, ताकि कोई भी विद्यार्थी परीक्षा के समय स्वयं को असहाय महसूस न करे।

विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्थिति का करें आकलन

दोनों विद्यालयों में निरीक्षण के दौरान ही जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के सभी 155 हाई स्कूलों और सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के विद्यालय मुखियाओं का आह्वान किया कि वे सफलता मिशन के अनुरूप अपने-अपने विद्यालय की स्पष्ट और व्यावहारिक एक्शन प्लान तैयार करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय अपने विद्यार्थियों की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति का आकलन करे, विषयवार लक्ष्य निर्धारित करे और उनकी प्राप्ति के लिए नियमित निगरानी सुनिश्चित करें। सफलता मिशन की रणनीति के अनुसार विद्यालयों के परीक्षा परिणामों और मध्यावधि परीक्षाओं के प्रदर्शन का विश्लेषण करके आवश्यकतानुसार अलग-अलग स्तरों पर सुधारात्मक कदम उठाए जा सकते हैं। जिन विद्यालयों का प्रदर्शन कमजोर है उन्हें विशेष मार्गदर्शन, नियमित निरीक्षण और उपचारात्मक शिक्षण की आवश्यकता होगी। बेहतर परिणाम देने वाले विद्यालयों की प्रभावी शिक्षण पद्धतियों को अन्य विद्यालयों के साथ साझा करके सामूहिक रूप से परिणाम सुधारने पर जोर दिया जाएगा।

मिशन को प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान

डीईओ सुधीर कालड़ा ने विद्यालय शिक्षा विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी विजय सिंह दहिया द्वारा निर्धारित सफलता मिशन की रणनीति पर भी प्रधानाचार्यों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस मिशन की भावना के अनुरूप प्रत्येक विद्यालय को अपने विद्यार्थियों की वास्तविक शैक्षणिक स्थिति के आधार पर लक्ष्य निर्धारित करने होंगे और उन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनानी होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सफलता का अर्थ केवल परीक्षा में उत्तीर्ण होना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सीखने के स्तर, विषयवार अंकों और समग्र शैक्षणिक प्रदर्शन में निरंतर सुधार करना भी है। इसके लिए नियमित कक्षा शिक्षण, कमजोर विद्यार्थियों की पहचान, उपचारात्मक शिक्षण, पुनरावृत्ति, अभ्यास परीक्षा तथा अभिभावकों के साथ निरंतर संवाद को विद्यालय की कार्यप्रणाली का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

पीएम ने किसानों को जैविक खेती के लिए किया प्रेरित



अंबाला। मन की बात कार्यक्रम सुनते मंत्री अनिल विज व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

■ विज की अपील 25 फीसदी जमीन पर किसान करें जैविक खेती

ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम परिवार मिलन कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से परिवार के नाते देश के लगभग 140 करोड़ लोगों से रूबरू होते हैं। महत्वपूर्ण बातें सांझा करते हैं।

विज रविवार को अंबाला छावनी के डॉ. तरसेम मोंगा के आवास पर शहर के प्रबुद्ध लोगों व कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को देख रहे थे। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर डॉ. तरसेम मोंगा, डॉ. आशा, डॉ . अखिल मोंगा के अलावा परिवार सदस्यों ने उनका अभिनंदन किया। विज ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हर माह के अंतिम रविवार को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के लोगों से रूबरू होते हैं। देश के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में लोगों द्वारा जो प्रयोग किए जा रहे हैं उस बारे सभी को अवगत करवाते हैं। ऐसी अनुभूति जैसे साइंस या तकनीकी क्षेत्र के साथ-साथ देश की आजादी के लिए जिन लोगों ने कार्य किए हैं उनके परिचय बारे भी सभी को जानकारी देते हैं। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को जैविक खेती बारे प्रेरित किया है। उसके तहत उदाहरण भी दिया है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना भी है कि हर किसान जिसके पास जितनी भी जमीन है उसमें से 25 प्रतिशत जमीन पर वह जैविक खेती जरूर करे ताकि लोगों को बिना खाद और बिना कैमिकल के खाने की चीजें मिल सकें। इसके अलावा उन्होंने खेती में विविधता की भी बात की है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि वोकल फोर लोकल के बारे भी प्रधानमंत्री ने जोर दिया है। स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाए गए उत्पादों को खरीदने बारे प्रेरित किया गया है। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व के साथ-साथ आगामी पर्व पर हमें स्थानीय उत्पादों यानि स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाए गए उत्पादों को खरीदना है ताकि वोकल फोर लोकल को बढ़ावा मिल सके।

महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं का करें अनुशरण : विज

■ मंत्री विज ने वाल्मीकि फ्रंट सभा को दिए 25 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

महर्षि वाल्मीकि प्रगट दिवस के उपलक्ष्य में अंबाला छावनी के शाम प्रगति विहार में वाल्मीकि फ्रंट सभा द्वारा शोभायात्रा निकाली। इसमें श्रम मंत्री अनिल विज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विज ने प्रगति विहार में श्री नर्मदेश्वर महादेव एवं भगवान वाल्मीकि मंदिर परिसर में महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति के समक्ष माथा टेका व भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने सभी को प्रगट दिवस की शुभकामनाएं दी। इससे पहले यहां पहुंचने पर विज का मंदिर प्रबधंक कमेटी वाल्मीकि फ्रंट सभा के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। ऊर्जा मंत्री ने इस मौके पर प्रगति विहार में महर्षि वाल्मीकि धर्मशाला के निर्माण के लिए वाल्मीकि फ्रंट सभा को अपने स्वैच्छिक कोष से 25 लाख रूपए देने की घोषणा की। मौके पर प्रधान हितैष कुमार , उपप्रधान काला कुमार, हीरो लाल, नप सदस्य गौरव सैनी, श्याम सुंदर, एससी मोर्चा के अध्यक्ष महेंद्र, भाजपा नेत्री आरती सहगल, डेरा प्रमुख आंचल महंत भी मौजूद रहे।



अंबाला। पालकी साहिब समक्ष मत्था टेकते मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

गुरू रामदास पर्व पर मंत्री विज ने टेका माथा

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने रविवार को श्री गुरू रामदास के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य पर आयोजित नगर कीर्तन में माथा टेका और श्रद्धालुओं को इस पावन अवसर पर शुभकामनाएं दी। नगर कीर्तन की शुरूआत अंबाला छावनी के फारूखा खालसा स्कूल से हुई। इसके उपरांत उन्होंने पालकी साहिब पर माथा टेका और गुरू का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस मौके पर नगर परिषद् की अध्यक्षा स्वर्ण कौर, उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, जसबीर जस्सी, बीएस बिंद्रा, बलित नागपाल, रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा, हरपाल सिंह मच्छौड़ा, अवतार सिंह, ब्रहमजीत सिंह खालसा, दीपक, अनिल नागर, रवि सहगल, शिवा काकरान, अनुज यादव भी रहे।

मुख्य गली का निर्माण शुरू, लोगों को जलभराव और कीचड़ से मिलेगी राहत

■ वार्ड नंबर 1 की मुख्य गली का चैयरमेन रजत ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



बराड़ा। गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए मुख्यातिथि।

नगर पालिका की ओर से शहर में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में रविवार को वार्ड नंबर-1 की मुख्य गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका के चेयरमैन रजत मलिक ने वार्ड सदस्य पवन कुमार की मौजूदगी में नारियल फोड़कर निर्माण कार्य की शुरुआत की। लंबे समय से बदहाली का सामना कर रही इस गली के बनने से लोगों रोजाना गुजरने वाले लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। यह गली आवागमन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। मौजगढ़ स्थित रेलवे अंडरपास के सामने खातिरदारी रेस्टोरेंट से शुरू होकर करनाल कॉलोनी से गुजरने वाली यह गली पेट्रोल पंप रोड के रास्ते मुख्य बाजार को जोड़ती है। इस मार्ग पर लंबे समय से पक्के निर्माण की जरूरत महसूस की जा रही थी। बारिश के दिनों में जलभराव और कीचड़ के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ता था। कई बार पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता था। गली के निर्माण कार्य की शुरुआत होने पर लोगों ने खुशी जताई और चेयरमैन रजत मलिक का आभार व्यक्त किया।



618वें रक्तदान शिविर में रक्तवीरों ने दिया जीवन बचाने का संदेश, युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील

कुरुक्षेत्र। पुलिस बल के सर्वोच्च रक्तदाता, राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा 618 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में प्रयास फाउंडेशन के प्रधान नरेश सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रोटी बैंक के महा सचिव कर्मचंद ने शिविर की अध्यक्षता की। उपस्थित अतिथियों ने रक्तदाताओं के सेवा-भाव की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सच्ची सेवा है। रक्त की आवश्यकता किसी भी व्यक्ति को कभी भी पड़ सकती है, इसलिए समाज के प्रत्येक स्वस्थ और पात्र व्यक्ति को रक्तदान के प्रति जागरूक होना चाहिए। शिविर संयोजक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने कहा रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है और इसकी पूर्ति केवल मानवीय सहयोग से ही संभव है।

सांसद नवीन जिन्दल योजना के तहत मेधावी विद्यार्थियों को दी गई छात्रवृत्ति

■ सांसद ने साल 2024 में की थी छात्रवृत्ति योजना की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में नवीन जिन्दल फाउंडेशन की ओर से चलाई जा रही यशस्वी छात्रवृत्ति योजना से हजारों विद्यार्थियों को लाभ मिल रहा है। इसी कड़ी में जिन्दल हाउस, कुरुक्षेत्र में मेधावी और जरूरतमंद विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी गई। इस अवसर पर संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने वर्ष 2024 में इस योजना की शुरूआत की थी, ताकि पैसों की कमी के कारण किसी मेधावी एवं जरुरतमंद विद्यार्थी की पढ़ाई प्रभावित न हो। उन्होंने बताया कि इस योजना से विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पूरी करने में मदद मिल रही है। आर्थिक सहायता मिलने से उन्हें आगे की पढ़ाई जारी रखने और अपने भविष्य को बेहतर बनाने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल चाहते हैं कि जरूरतमंद विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े। इसी उद्देश्य से छात्रवृत्ति योजना के माध्यम से विद्यार्थियों की मदद की जा रही है।



संत सुदीक्षा सरस्वती ने धर्म, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चलने का दिया संदेश

लाडवा। लाडवा के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में रविवार को मंदिर का प्रथम स्थापना दिवस श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर भगवान शिव की महिमा और भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। समारोह में संत सुदीक्षा सरस्वती ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर भगवान शिव की आरती कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा से अवगत करवाते हुए धर्म, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव से भगवान शिव की आराधना की और सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में पूरे कार्यक्रम के दौरान धार्मिक माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने संत के प्रवचनों को ध्यानपूर्वक सुना और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया। समारोह में पहुंचने पर मंदिर के प्रधान सेवक आर.डी. अरोड़ा ने मुख्यातिथि संत सुदीक्षा सरस्वती का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान उन पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन भी किया।

सुभाष पार्क के सौंदर्यीकरण और रखरखाव पर खर्च होगी 99.09 लाख की राशि, टेंडर जारी

अंबाला। अंबाला छावनी के सुभाष पार्क के सौंदर्यीकरण और रखरखाव के लिए लगभग 99.09 लाख रुपये की लागत का टेंडर जारी किया गया है। नगर परिषद अंबाला सदर द्वारा यह निविदा आमंत्रित की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पार्क की सुंदरता को बरकरार रखना और पर्यटकों व स्थानीय नागरिकों को उच्च स्तर की जनसुविधाएं मुहैया कराना है। पार्क का संचालन और रखरखाव मासिक आधार पर किया जाएगा। बोली जमा करने की अंतिम तिथि 27 अक्तूबर, पूर्वाह्न 11 बजे तक निर्धारित की गई है। तकनीकी बोली खुलने का समय अपराह्न 3 बजे होगा। इस परियोजना में पार्क की हरियाली और सुंदरीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नगर परिषद सदर अध्यक्ष स्वर्ण कौर ने कहा कि सुभाष पार्क छावनी का प्रमुख केंद्र है। इस व्यापक रखरखाव योजना से पार्क की सुंदरता में और अधिक चार चांद लगेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने अपने जन्मदिन पर जनता को दी बड़ी सौगात

हुडा कांप्लेक्स में 6.50 करोड़ में बनकर तैयार हुआ स्वीमिंग पूल

बोले, सीएम नायब सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की अगुवाई में प्रदेश का निरंतर हो रहा है विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। स्वीमिंग पूल का शुभारंभ करते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने रविवार को अपने जन्मदिवस के अवसर पर हुडा कांप्लेक्स सेक्टर 10 में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण दवारा साढ़े छह करोड़ रूपए की लागत से बनाए गए नवनिर्मित स्वीमिंग पूल का उद्घाटन कर लोगों को सौगात दी। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल का यहां पहुंचने पर सेक्टरवासियों, एसोसिएशन के पदाधिकारियों, पार्षदगणों व विभाग की एस्टेट ऑफिसर नीलम मेहरा, कार्यकारी अभियंता कैलाश व अन्य गणमान्य लोगों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका भव्य अभिनंदन किया। गोयल ने इस मौके पर उपस्थित सभी को शरद पूर्णिमा, भगवान वाल्मीकि की जंयती की बधाई देते हुए प्रभु से कामना की सभी निरोग रहें इसकी कामना की। उन्होंने इस अवसर पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा यहां पर बनाए गए नवनिर्मित स्वीमिंग पूल की सौगात लोगों को मिलने की भी बधाई देते हुए कहा कि इस पूल के बनने से स्वीमिंग के क्षेत्र में रूचि रखने वाले युवाओं व अन्य को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार निरंतरता में जारी है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में विकास के नए कार्य होगें। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, जिला खेल अधिकारी राम स्वरूप, मार्केट कमेटी के चेयरमैन जसविंद्र सिंह उगाड़ा, मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाणा, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, संजीव गोयल टोनी, सदस्य शोभा पूनिया, निंकुज चावला, लविश जैन, बीनू गर्ग, यतिन बंसल के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

लोगों का आशीर्वाद सबसे अनमोल उपहार

पूर्व राज्यमंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि मेरे जन्मदिवस के अवसर पर आप लोगों का आशीर्वाद, स्नेह व प्रेम जो मिला है वही मेरे लिए सबसे अनमोल पूंजी व उपहार है। उन्होंने यह भी कहा कि मैं अपने जन्मदिवस पर यह भी संकल्प लेता हूं कि समाज हित के लिए मैं निरंतर में कार्य करता रहूंगा। पूर्व राज्यमंत्री ने इस मौके पर कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर अपना जन्मदिन भी मनाया। इस अवसर पर श्री कृष्ण सेवा समिति की ओर से हैप्पी चावला व सेक्टर 8 एसोसिएशन के प्रधान विनोद बंसल व अन्य सदस्यों ने भगवत गीता का स्वरूप भेंट कर पूर्व मंत्री को जन्म दिवस की बधाई दी। इसके साथ-साथ सेक्टर 10 एसोसिएशन से कमल सिंगला, प्रभु दयाल गोयल, एसपी. गोयल व अन्य ने भी पूर्व राज्यमंत्री को पुष्प गुच्छ व शाल भेंट कर उनका अभिनंदन किया।